C.S.(P) 2012

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : P-DTQ-M-DA**

**Test Booklet Series**

**A**

**Serial No.**

# TEST BOOKLET

## PAPER—I

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 200**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. In the areas covered under the Panchayat (Extension to the Scheduled Areas) Act, 1996, what is the role/power of Gram Sabha?

   1. Gram Sabha has the power to prevent alienation of land in the Scheduled Areas.
   2. Gram Sabha has the ownership of minor forest produce.
   3. Recommendation of Gram Sabha is required for granting prospecting licence or mining lease for any mineral in the Scheduled Areas.

   Which of the statements given above is/are correct?

   *(a)* 1 only
   *(b)* 1 and 2 only
   *(c)* 2 and 3 only
   *(d)* 1, 2 and 3

2. In the Parliament of India, the purpose of an adjournment motion is:

   *(a)* to allow a discussion on a definite matter of urgent public importance
   *(b)* to let opposition members collect information from the ministers
   *(c)* to allow a reduction of specific amount in demand for grant
   *(d)* to postpone the proceedings to check the inappropriate or violent behaviour on the part of some members

3. How does National Biodiversity Authority (NBA) help in protecting the Indian agriculture?

   1. NBA checks the biopiracy and protects the indigenous and traditional genetic resources.
   2. NBA directly monitors and supervises the scientific research on genetic modification of crop plants.
   3. Application for Intellectual Property Rights related to genetic/biological resources cannot be made without the approval of NBA.

   Which of the statements given above is/are correct?

   *(a)* 1 only
   *(b)* 2 and 3 only
   *(c)* 1 and 3 only
   *(d)* 1, 2 and 3

4. The National Green Tribunal Act, 2010 was enacted in consonance with which of the following provisions of the Constitution of India?

   1. Right to healthy environment, construed as a part of Right to life under Article 21
   2. Provision of grants for raising the level of administration in the Scheduled Areas for the welfare of Scheduled Tribes under Article 275(1)
   3. Powers and functions of Gram Sabha as mentioned under Article 243(A)

   Select the correct answer using the codes given below :

   *(a)* 1 only
   *(b)* 2 and 3 only
   *(c)* 1 and 3 only
   *(d)* 1, 2 and 3

1. पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत समाविष्ट क्षेत्रों में ग्राम सभा की क्या भूमिका/शक्ति है?

   1. ग्राम सभा के पास अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि का हस्तांतरण रोकने की शक्ति होती है।
   2. ग्राम सभा के पास लघु वनोपज का स्वामित्व होता है।
   3. अनुसूचित क्षेत्रों में किसी भी खनिज के लिए खनन का पट्टा अथवा पूर्वेक्षण लाइसेंस प्रदान करने हेतु ग्राम सभा की अनुशंसा आवश्यक है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   *(a)* केवल 1

   *(b)* केवल 1 और 2

   *(c)* केवल 2 और 3

   *(d)* 1, 2 और 3

2. भारतीय संसद् में स्थगन प्रस्ताव लाने का क्या उद्देश्य है?

   *(a)* सार्वजनिक महत्व के निश्चित अत्यावश्यक मुद्दे पर बहस करने हेतु

   *(b)* विपक्षी सदस्यों के मंत्रियों से सूचना प्राप्त करने हेतु

   *(c)* किसी अनुदान की माँग में एक निश्चित मात्रा में कटौती करने हेतु

   *(d)* कुछ सदस्यों के हिंसक अथवा अनुचित व्यवहार पर रोक लगाने के लिए कार्यवाही स्थगित करने हेतु

3. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (NBA) भारत में कृषि संरक्षण में किस प्रकार सहायक है?

   1. NBA जैव चोरी को रोकता है तथा देशी और परम्परागत आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण करता है।
   2. NBA कृषि पादपों के आनुवंशिक संशोधन पर चल रहे वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रत्यक्षतः मॉनीटर करता है और इसका निरीक्षण करता है।
   3. NBA की अनुशंसा के बिना आनुवंशिक/जैविक संसाधनों से सम्बन्धित बौद्धिक सम्पदा अधिकार हेतु आवेदन नहीं किया जा सकता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   *(a)* केवल 1

   *(b)* केवल 2 और 3

   *(c)* केवल 1 और 3

   *(d)* 1, 2 और 3

4. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रावधान के आनुरूप्य अधिनियमित हुआ था/हुए थे?

   1. स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार के आनुरूप्य, जो अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत जीवन के अधिकार का अंग माना जाता है
   2. अनुच्छेद 275(1) के अन्तर्गत अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु अनुसूचित क्षेत्रों में प्रशासन का स्तर बढ़ाने के लिए प्रावधानित अनुदान के आनुरूप्य
   3. अनुच्छेद 243(A) के अन्तर्गत उल्लिखित ग्राम सभा की शक्तियों और कार्यों के आनुरूप्य

   निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

   *(a)* केवल 1

   *(b)* केवल 2 और 3

   *(c)* केवल 1 और 3

   *(d)* 1, 2 और 3

5. If National Water Mission is properly and completely implemented, how will it impact the country?

1. Part of the water needs of urban areas will be met through recycling of waste-water.

2. The water requirements of coastal cities with inadequate alternative sources of water will be met by adopting appropriate technologies that allow for the use of ocean water.

3. All the rivers of Himalayan origin will be linked to the rivers of peninsular India.

4. The expenses incurred by farmers for digging bore-wells and for installing motors and pump-sets to draw ground-water will be completely reimbursed by the Government.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

6. Consider the following provisions under the Directive Principles of State Policy as enshrined in the Constitution of India :

1. Securing for citizens of India a uniform civil code

2. Organizing village Panchayats

3. Promoting cottage industries in rural areas

4. Securing for all the workers reasonable leisure and cultural opportunities

Which of the above are the Gandhian Principles that are reflected in the Directive Principles of State Policy?

*(a)* 1, 2 and 4 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

7. Consider the following statements :

1. Union Territories are not represented in the Rajya Sabha.

2. It is within the purview of the Chief Election Commissioner to adjudicate the election disputes.

3. According to the Constitution of India, the Parliament consists of the Lok Sabha and the Rajya Sabha only.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 and 3

*(d)* None

5. यदि राष्ट्रीय जल मिशन सही ढंग से और पूर्णतः लागू किया जाए, तो देश पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

1. शहरी क्षेत्रों की जल आवश्यकताओं की आंशिक आपूर्ति अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण से हो सकेगी।
2. ऐसे समुद्रतटीय शहर, जिनके पास जल के अपर्याप्त वैकल्पिक स्रोत हैं, की जल आवश्यकताओं की आपूर्ति ऐसी समुचित प्रौद्योगिकी व्यवहार में लाकर की जा सकेगी जो समुद्री जल को प्रयोग लायक बना सकेगी।
3. हिमालय से उद्गमित सभी नदियाँ प्रायद्वीपीय भारत की नदियों से जोड़ दी जाएँगी।
4. सरकार कृषकों द्वारा भौम जल निकालने के लिए बोरिंग से खोदे गए कुएँ और उन पर लगाई गई मोटर और पम्प-सेट पर वहन किए गए व्यय की पूरी तरह प्रतिपूर्ति करेगी।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

6. भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय नागरिकों के लिए समान नागरिक (सिविल) संहिता सुरक्षित करना
2. ग्राम पंचायतों को संघटित करना
3. ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करना
4. सभी कर्मकारों के लिए यथोचित अवकाश तथा सांस्कृतिक अवसर सुरक्षित करना

उपर्युक्त में से कौन-से गाँधीवादी सिद्धान्त हैं, जो राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों में प्रतिबिम्बित होते हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संघ राज्यक्षेत्रों का राज्य सभा में प्रतिनिधित्व नहीं होता।
2. निर्वाचन झगड़ों का निर्णय करना मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अधिकार-क्षेत्र में है।
3. भारत के संविधान के अनुसार, संसद् में केवल लोक सभा और राज्य सभा होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* कोई भी नहीं

8. With reference to consumers' rights/ privileges under the provisions of law in India, which of the following statements is/are correct?

1. Consumers are empowered to take samples for food testing.
2. When a consumer files a complaint in any consumer forum, no fee is required to be paid.
3. In case of death of a consumer, his/her legal heir can file a complaint in the consumer forum on his/her behalf.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

9. Regarding the office of the Lok Sabha Speaker, consider the following statements :

1. He/She holds the office during the pleasure of the President.
2. He/She need not be a member of the House at the time of his/her election but has to become a member of the House within six months from the date of his/her election.
3. If he/she intends to resign, the letter of his/her resignation has to be addressed to the Deputy Speaker.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 3 only
*(c)* 1, 2 and 3
*(d)* None

10. Which of the following are included in the original jurisdiction of the Supreme Court?

1. A dispute between the Government of India and one or more States
2. A dispute regarding elections to either House of the Parliament or that of Legislature of a State
3. A dispute between the Government of India and a Union Territory
4. A dispute between two or more States

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2
*(b)* 2 and 3
*(c)* 1 and 4
*(d)* 3 and 4

11. Consider the following kinds of organisms :

1. Bacteria
2. Fungi
3. Flowering plants

Some species of which of the above kinds of organisms are employed as biopesticides?

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

8. भारतीय विधान के प्रावधानों के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के अधिकारों/विशेषाधिकारों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. उपभोक्ताओं को खाद्य की जाँच करने के लिए नमूने लेने का अधिकार है।
2. उपभोक्ता यदि उपभोक्ता मंच में अपनी शिकायत दर्ज करता है, तो उसे इसके लिए कोई फीस नहीं देनी होती।
3. उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने पर, उसका वैधानिक उत्तराधिकारी उसकी ओर से उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज कर सकता है।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

9. लोक सभा अध्यक्ष के पद के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है।
2. यह आवश्यक नहीं कि अपने निर्वाचन के समय वह सदन का सदस्य हो, परन्तु उसे अपने निर्वाचन के बाद छः माह के भीतर सदन का सदस्य हो जाना पड़ेगा।
3. यदि वह त्यागपत्र देना चाहे, तो उसे अपना त्यागपत्र उपाध्यक्ष को सम्बोधित करना होगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई भी नहीं

10. निम्नलिखित में से कौन-से उच्चतम न्यायालय की आरम्भिक अधिकारिता में आते हैं?

1. भारत सरकार तथा एक या अधिक राज्यों के बीच का विवाद
2. संसद् के किसी भी सदन या राज्य विधान-मण्डल में हुए चुनाव पर विवाद
3. भारत सरकार तथा किसी संघ राज्यक्षेत्र के बीच का विवाद
4. दो या अधिक राज्यों के बीच का विवाद

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 4

*(d)* 3 और 4

11. जीवों के निम्नलिखित प्रकारों पर विचार कीजिए :

1. जीवाणु
2. कवक
3. पुष्पीय पादप

उपर्युक्त जीव-प्रकारों में से किसकी/किनकी कुछ जातियों को जैव पीड़कनाशियों के रूप में प्रयोग किया जाता है?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**12.** Biomass gasification is considered to be one of the sustainable solutions to the power crisis in India. In this context, which of the following statements is/are correct?

1. Coconut shells, groundnut shells and rice husk can be used in biomass gasification.
2. The combustible gases generated from biomass gasification consist of hydrogen and carbon dioxide only.
3. The combustible gases generated from biomass gasification can be used for direct heat generation but not in internal combustion engines.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**13.** What is the role of ultraviolet (UV) radiation in the water purification systems?

1. It inactivates/kills the harmful microorganisms in water.
2. It removes all the undesirable odours from the water.
3. It quickens the sedimentation of solid particles, removes turbidity and improves the clarity of water.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**14.** Graphene is frequently in news recently. What is its importance?

1. It is a two-dimensional material and has good electrical conductivity.
2. It is one of the thinnest but strongest materials tested so far.
3. It is entirely made of silicon and has high optical transparency.
4. It can be used as 'conducting electrodes' required for touch screens, LCDs and organic LEDs.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**15.** Lead, ingested or inhaled, is a health hazard. After the addition of lead to petrol has been banned, what still are the sources of lead poisoning?

1. Smelting units
2. Pens and pencils
3. Paints
4. Hair oils and cosmetics

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

12. जीवभार गैसीकरण को भारत में ऊर्जा संकट के धारणीय (सस्टेनेबल) हलों में से एक समझा जाता है। इस सन्दर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. नारियल आवरण, मूँगफली का छिलका और धान की भूसी का उपयोग जीवभार गैसीकरण के लिए किया जा सकता है।
2. जीवभार गैसीकरण द्वारा जनित ज्वलनशील गैसों में केवल हाइड्रोजन और कार्बन डाइऑक्साइड होती हैं।
3. जीवभार गैसीकरण द्वारा जनित ज्वलनशील गैसों को ऊष्मा उत्पादन में सीधे ही उपयोग कर सकते हैं लेकिन अन्तर्दहन इंजनों में नहीं।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

13. जल शुद्धीकरण प्रणालियों में पराबैंगनी (अल्ट्रा-वायलेट, UV) विकिरण की क्या भूमिका है?

1. यह जल में उपस्थित नुकसानदेह सूक्ष्मजीवों को निष्क्रिय/नष्ट कर देती है।
2. यह जल में उपस्थित सभी अवांछनीय गंधों को दूर कर देती है।
3. यह जल में उपस्थित ठोस कणों के अवसादन को तेज करती है, आविलता दूर करती है और जल की निर्मलता में सुधार लाती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

14. ग्राफीन आजकल प्रायः सुर्खियों में रहता है। उसका क्या महत्त्व है?

1. वह एक द्वि-आयामीय पदार्थ है और उसकी विद्युत् चालकता उत्तम है।
2. वह अब तक जाँचे गए सबसे तनु किन्तु सबसे शक्तिशाली पदार्थों में से है।
3. वह पूर्णतः सिलिकॉन से बना होता है और उसकी चाक्षुष पारदर्शिता उच्च होती है।
4. उसका टच स्क्रीन, LCD और कार्बनिक LED के लिए 'चालक इलेक्ट्रोड' के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

15. शरीर में श्वास अथवा खाने से पहुँचा सीसा (लेड) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पेट्रोल में सीसे का योग प्रतिबन्धित होने के बाद से अब सीसे की विषाक्तता उत्पन्न करने वाले स्रोत कौन-कौन से हैं?

1. प्रगलन इकाइयाँ
2. पेन (कलम) और पेंसिलें
3. पेन्ट
4. केश तेल एवं प्रसाधन सामग्रियाँ

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

16. With reference to 'stem cells', frequently in the news, which of the following statements is/are correct?

1. Stem cells can be derived from mammals only.
2. Stem cells can be used for screening new drugs.
3. Stem cells can be used for medical therapies.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

17. Consider the following statements :

Chlorofluorocarbons, known as ozone-depleting substances, are used

1. in the production of plastic foams
2. in the production of tubeless tyres
3. in cleaning certain electronic components
4. as pressurizing agents in aerosol cans

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

18. A team of scientists at Brookhaven National Laboratory including those from India created the heaviest anti-matter (anti-helium nucleus). What is/are the implication/implications of the creation of anti-matter?

1. It will make mineral prospecting and oil exploration easier and cheaper.
2. It will help probe the possibility of the existence of stars and galaxies made of anti-matter.
3. It will help understand the evolution of the universe.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

19. Which of the following is/are cited by the scientists as evidence/evidences for the continued expansion of universe?

1. Detection of microwaves in space
2. Observation of redshift phenomenon in space
3. Movement of asteroids in space
4. Occurrence of supernova explosions in space

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* None of the above can be cited as evidence

16. अक्सर सुर्खियों में रहने वाली 'स्टेम कोशिकाओं' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. स्टेम कोशिकाएँ केवल स्तनपायी जीवों से ही प्राप्त की जा सकती हैं।
2. स्टेम कोशिकाएँ नई औषधियों को परखने के लिए प्रयोग की जा सकती हैं।
3. स्टेम कोशिकाएँ चिकित्सा थेरेपी के लिए प्रयोग की जा सकती हैं।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

क्लोरोफ्लुओरोकार्बन, जो ओज़ोन-ह्रासक पदार्थों के रूप में चर्चित हैं, उनका प्रयोग

1. सुघट्य फोम के निर्माण में होता है
2. ट्यूबलेस टायरों के निर्माण में होता है
3. कुछ विशिष्ट इलेक्ट्रॉनिक अवयवों की सफ़ाई करने में होता है
4. ऐरोसॉल कैन में दाबकारी एजेंट के रूप में होता है

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

18. ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिक दल, जिसमें भारतीय वैज्ञानिक भी सम्मिलित थे, ने ऐंटि-हीलियम कैन्द्रक के रूप में सबसे भारी ऐंटि-द्रव्य उत्पन्न किया। ऐंटि-द्रव्य उत्पन्न करने की क्या/क्या-क्या विवक्षा/विवक्षाएँ है/हैं?

1. यह खनिज पूर्वेक्षण और तेल की खोज को अधिक आसान और कम महँगा बना देगा।
2. यह ऐंटि-द्रव्य से निर्मित तारों और आकाशगंगाओं के होने की सम्भावना की जाँच करने में सहायक होगा।
3. यह ब्रह्माण्ड के विकास की समझ विकसित करने में सहायक होगा।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

19. वैज्ञानिक निम्नलिखित में से किस/किन परिघटना/परिघटनाओं को ब्रह्माण्ड के निरन्तर विस्तरण के साक्ष्य के रूप में उद्धृत करते हैं?

1. अन्तरिक्ष में सूक्ष्मतरंगों की उपस्थिति का पता चलना
2. अन्तरिक्ष में रेडशिफ्ट परिघटना का अवलोकन
3. अन्तरिक्ष में क्षुद्रग्रहों की गति
4. अन्तरिक्ष में सुपरनोवा विस्फोटों का होना

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* उपर्युक्त में से कोई भी साक्ष्य के रूप में उद्धृत नहीं किया जा सकता

20. Electrically charged particles from space travelling at speeds of several hundred km/sec can severely harm living beings if they reach the surface of the Earth. What prevents them from reaching the surface of the Earth?

*(a)* The Earth's magnetic field diverts them towards its poles

*(b)* Ozone layer around the Earth reflects them back to outer space

*(c)* Moisture in the upper layers of atmosphere prevents them from reaching the surface of the Earth

*(d)* None of the statements *(a)*, *(b)* and *(c)* given above is correct

21. With reference to the scientific progress of ancient India, which of the statements given below are correct?

1. Different kinds of specialized surgical instruments were in common use by 1st century AD.
2. Transplant of internal organs in the human body had begun by the beginning of 3rd century AD.
3. The concept of sine of an angle was known in 5th century AD.
4. The concept of cyclic quadrilaterals was known in 7th century AD.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

22. With reference to the history of ancient India, which of the following was/were common to both Buddhism and Jainism?

1. Avoidance of extremities of penance and enjoyment
2. Indifference to the authority of the Vedas
3. Denial of efficacy of rituals

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

23. Which of the following can be said to be essentially the parts of Inclusive Governance?

1. Permitting the Non-Banking Financial Companies to do banking
2. Establishing effective District Planning Committees in all the districts
3. Increasing the government spending on public health
4. Strengthening the Mid-day Meal Scheme

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 2, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

20. अन्तरिक्ष में कई सौ कि० मी०/से० की गति से यात्रा कर रहे विद्युत्-आवेशी कण यदि पृथ्वी के धरातल पर पहुँच जाएँ, तो जीव-जन्तुओं को गम्भीर नुकसान पहुँचा सकते हैं। ये कण किस कारण से पृथ्वी के धरातल पर नहीं पहुँच पाते?

*(a)* पृथ्वी की चुम्बकीय शक्ति उन्हें ध्रुवों की ओर मोड़ देती है

*(b)* पृथ्वी के इर्द-गिर्द की ओज़ोन परत उन्हें बाह्य अन्तरिक्ष में परावर्तित कर देती है

*(c)* वायुमण्डल की ऊपरी परतों में उपस्थित आर्द्रता उन्हें पृथ्वी के धरातल पर नहीं पहुँचने देती

*(d)* उपर्युक्त कथनों *(a)*, *(b)* और *(c)* में से कोई भी सही नहीं है

21. प्राचीनकालीन भारत में हुई वैज्ञानिक प्रगति के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. प्रथम शती ईसवी में विभिन्न प्रकार के विशिष्ट शल्य औज़ारों का उपयोग आम था।

2. तीसरी शती ईसवी के आरम्भ में मानव शरीर के आन्तरिक अंगों का प्रत्यारोपण शुरू हो चुका था।

3. पाँचवीं शती ईसवी में कोण के ज्या का सिद्धान्त ज्ञात था।

4. सातवीं शती ईसवी में चक्रीय चतुर्भुज का सिद्धान्त ज्ञात था।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

22. प्राचीन भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से बौद्ध धर्म और जैन धर्म दोनों में समान रूप से विद्यमान था/थे?

1. तप और भोग की अति का परिहार

2. वेद-प्रामाण्य के प्रति अनास्था

3. कर्मकाण्डों की फलवत्ता का निषेध

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित में से कौन-से मूलतः 'समावेशी शासन' के अंग कहे जा सकते हैं?

1. गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को बैंकिंग करने की अनुमति प्रदान करना

2. सभी जिलों में प्रभावी जिला योजना समितियाँ संगठित करना

3. जन-स्वास्थ्य पर सरकारी व्यय में बढ़ोतरी करना

4. 'दोपहर का भोजन' योजना का सशक्तिकरण करना

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

24. The Nagara, the Dravida and the Vesara are the

*(a)* three main racial groups of the Indian subcontinent

*(b)* three main linguistic divisions into which the languages of India can be classified

*(c)* three main styles of Indian temple architecture

*(d)* three main musical Gharanas prevalent in India

25. The Congress ministries resigned in the seven provinces in 1939, because

*(a)* the Congress could not form ministries in the other four provinces

*(b)* emergence of a 'left wing' in the Congress made the working of the ministries impossible

*(c)* there were widespread communal disturbances in their provinces

*(d)* None of the statements *(a)*, *(b)* and *(c)* given above is correct

26. With reference to National Rural Health Mission, which of the following are the jobs of 'ASHA', a trained community health worker?

1. Accompanying women to the health facility for antenatal care checkup
2. Using pregnancy test kits for early detection of pregnancy
3. Providing information on nutrition and immunization
4. Conducting the delivery of baby

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

27. Which of the following is/are the principal feature(s) of the Government of India Act, 1919?

1. Introduction of dyarchy in the executive government of the provinces
2. Introduction of separate communal electorates for Muslims
3. Devolution of legislative authority by the centre to the provinces

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

24. नागर, द्राविड़ और वेसर हैं

(a) भारतीय उपमहाद्वीप के तीन मुख्य जातीय समूह

(b) तीन मुख्य भाषा वर्ग, जिनमें भारत की भाषाओं को विभक्त किया जा सकता है

(c) भारतीय मन्दिर वास्तु की तीन मुख्य शैलियाँ

(d) भारत में प्रचलित तीन मुख्य संगीत घराने

25. 1939 में कांग्रेस मंत्रिमण्डल ने सात प्रान्तों में त्यागपत्र दे दिया था, क्योंकि

(a) कांग्रेस अन्य चार प्रान्तों में मंत्रिमण्डल नहीं बना पाई थी

(b) कांग्रेस में 'वामपक्ष' के उदय से मंत्रिमण्डल का कार्य कर सकना असम्भव हो गया था

(c) उनके प्रान्तों में बहुत अधिक साम्प्रदायिक अशान्ति थी

(d) उपर्युक्त कथनों (a), (b) और (c) में से कोई भी सही नहीं है

26. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के सन्दर्भ में, प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 'आशा' (ASHA) के कार्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. स्त्रियों को प्रसव-पूर्व देखभाल जाँच के लिए स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र साथ ले जाना
2. गर्भावस्था के प्रारम्भिक संसूचन के लिए गर्भावस्था परीक्षण किट प्रयोग करना
3. पोषण एवं प्रतिरक्षण के विषय में सूचना देना
4. बच्चे का प्रसव कराना

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

27. 1919 के भारत शासन अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख विशेषता/विशेषताएँ है/हैं?

1. प्रान्तों की कार्यकारिणी सरकार में द्वैध-शासन की व्यवस्था
2. मुसलमानों के लिए पृथक् साम्प्रदायिक निर्वाचक-मण्डलों की व्यवस्था
3. केन्द्र द्वारा प्रान्तों को विधायिनी शक्ति का हस्तान्तरण

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

28. During Indian freedom struggle, the National Social Conference was formed. What was the reason for its formation?

*(a)* Different social reform groups or organizations of Bengal region united to form a single body to discuss the issues of larger interest and to prepare appropriate petitions/representations to the government

*(b)* Indian National Congress did not want to include social reforms in its deliberations and decided to form a separate body for such a purpose

*(c)* Behramji Malabari and M. G. Ranade decided to bring together all the social reform groups of the country under one organization

*(d)* None of the statements *(a)*, *(b)* and *(c)* given above is correct in this context

29. Which of the following parties were established by Dr. B. R. Ambedkar?

1. The Peasants and Workers Party of India
2. All India Scheduled Castes Federation
3. The Independent Labour Party

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

30. Which of the following special powers have been conferred on the Rajya Sabha by the Constitution of India?

*(a)* To change the existing territory of a State and to change the name of a State

*(b)* To pass a resolution empowering the Parliament to make laws in the State List and to create one or more All India Services

*(c)* To amend the election procedure of the President and to determine the pension of the President after his/her retirement

*(d)* To determine the functions of the Election Commission and to determine the number of Election Commissioners

31. How does the National Rural Livelihood Mission seek to improve livelihood options of rural poor?

1. By setting up a large number of new manufacturing industries and agribusiness centres in rural areas
2. By strengthening 'self-help groups' and providing skill development
3. By supplying seeds, fertilizers, diesel pump-sets and micro-irrigation equipment free of cost to farmers

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**28.** भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के समय, राष्ट्रीय सामाजिक सम्मेलन (नेशनल सोशल कॉन्फरेन्स) का गठन किया गया था। इसके गठन के लिए उत्तरदायी कारण था

*(a)* बंगाल क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक सुधार ग्रुप/संगठन किसी एक मंच पर एकत्रित होकर व्यापक हित में माँगपत्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना चाहते थे

*(b)* भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने कार्यक्रम में सामाजिक सुधारों को नहीं रखना चाहती थी। इसीलिए प्रस्तुत उद्देश्य के लिए उसने अलग से संगठन बनाने का सुझाव दिया

*(c)* बहरामजी मालाबारी और एम० जी० रानाडे ने यह निश्चय किया कि देश के समस्त सामाजिक सुधार ग्रुपों को एक संगठन के अन्तर्गत लाया जाय

*(d)* उपर्युक्त सन्दर्भ में विकल्प *(a)*, *(b)* और *(c)* में दिए गए वक्तव्य में कोई भी सही नहीं है

**29.** निम्नलिखित में से किन दलों की स्थापना डॉ० भीमराव अम्बेडकर ने की थी?

1. पीजेंट्स एण्ड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया
2. ऑल इंडिया सिड्यूल्ड कास्ट्स फेडरेशन
3. इंडिपेन्डेंट लेबर पार्टी

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**30.** निम्नलिखित विशेषाधिकारों में से कौन-से भारत के संविधान द्वारा राज्य सभा को प्रदत्त किये जाते हैं?

*(a)* राज्य का वर्तमान राज्यक्षेत्र परिवर्तित करना और राज्य का नाम परिवर्तित करना

*(b)* संसद् को, राज्य सूची में नियम बनाने और एक अथवा एकाधिक अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन करने हेतु सशक्त बनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित करना

*(c)* राष्ट्रपति की निर्वाचन-प्रक्रिया में संशोधन करना और राष्ट्रपति की सेवानिवृत्ति के पश्चात् उसकी पेंशन निर्धारित करना

*(d)* चुनाव आयोग के क्रियाकलापों का निर्धारण करना और चुनाव आयुक्तों की संख्या निर्धारित करना

**31.** 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' ग्रामीण क्षेत्रीय निर्धनों के आजीविका विकल्पों को सुधारने का किस प्रकार प्रयास करता है?

1. ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नए विनिर्माण उद्योग तथा कृषि व्यापार केन्द्र स्थापित करके
2. 'स्वयं सहायता समूहों' को सशक्त बनाकर और कौशल विकास की सुविधाएँ प्रदान करके
3. कृषकों को निःशुल्क बीज, उर्वरक, डीजल पम्प-सेट तथा लघु-सिंचाई संयंत्र देकर

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**32.** The Multi-dimensional Poverty Index developed by Oxford Poverty and Human Development Initiative with UNDP support covers which of the following?

1. Deprivation of education, health, assets and services at household level

2. Purchasing power parity at national level

3. Extent of budget deficit and GDP growth rate at national level

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**33.** Which of the following is/are among the noticeable features of the recommendations of the Thirteenth Finance Commission?

1. A design for the Goods and Services Tax, and a compensation package linked to adherence to the proposed design

2. A design for the creation of lakhs of jobs in the next ten years in consonance with India's demographic dividend

3. Devolution of a specified share of central taxes to local bodies as grants

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**34.** What is/are the recent policy initiative(s) of Government of India to promote the growth of manufacturing sector?

1. Setting up of National Investment and Manufacturing Zones

2. Providing the benefit of 'single window clearance'

3. Establishing the Technology Acquisition and Development Fund

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**32.** UNDP के समर्थन से 'ऑक्सफोर्ड निर्धनता एवं मानव विकास नेतृत्व' द्वारा विकसित 'बहु-आयामी निर्धनता सूचकांक' में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सम्मिलित है/हैं?

1. पारिवारिक स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्पत्ति तथा सेवाओं से वंचन
2. राष्ट्रीय स्तर पर क्रय-शक्ति समता
3. राष्ट्रीय स्तर पर बजट घाटे की मात्रा और GDP की विकास दर

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सी अनुशंसा/अनुशंसाएँ तेरहवें वित्त आयोग की सुस्पष्ट विशिष्टता/विशिष्टताएँ है/हैं?

1. वस्तुओं व सेवाओं पर कर (टैक्स) लगाए जाने का अभिकल्प तथा इस प्रस्तावित अभिकल्प के संपालन से सम्बद्ध क्षतिपूर्ति पैकेज
2. भारत के जनांकिकीय लाभांश के अनुरूप अगले दस वर्षों में लाखों नौकरियाँ सृजन करने की योजना
3. केन्द्रीय करों के एक निश्चित अंश का स्थानीय निकायों को अनुदान के रूप में हस्तान्तरण

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**34.** विनिर्माण क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने कौन-सी नई नीतिगत पहल की है/हैं?

1. राष्ट्रीय निवेश तथा विनिर्माण क्षेत्रों की स्थापना
2. 'एकल खिड़की मंजूरी' (सिंगल विंडो क्लीयरेंस) की सुविधा प्रदान करना
3. प्रौद्योगिकी अधिग्रहण तथा विकास कोष की स्थापना

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

35. Which of the following are the methods of Parliamentary control over public finance in India?

1. Placing Annual Financial Statement before the Parliament
2. Withdrawal of moneys from Consolidated Fund of India only after passing the Appropriation Bill
3. Provisions of supplementary grants and vote-on-account
4. A periodic or at least a mid-year review of programme of the Government against macroeconomic forecasts and expenditure by a Parliamentary Budget Office
5. Introducing Finance Bill in the Parliament

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1, 2, 3 and 5 only

*(b)* 1, 2 and 4 only

*(c)* 3, 4 and 5 only

*(d)* 1, 2, 3, 4 and 5

36. Mahatma Gandhi undertook fast unto death in 1932, mainly because

*(a)* Round Table Conference failed to satisfy Indian political aspirations

*(b)* Congress and Muslim League had differences of opinion

*(c)* Ramsay Macdonald announced the Communal Award

*(d)* None of the statements *(a)*, *(b)* and *(c)* given above is correct in this context

37. With reference to Ryotwari Settlement, consider the following statements :

1. The rent was paid directly by the peasants to the Government.
2. The Government gave Pattas to the Ryots.
3. The lands were surveyed and assessed before being taxed.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

38. Consider the following specific stages of demographic transition associated with economic development :

1. Low birthrate with low death rate
2. High birthrate with high death rate
3. High birthrate with low death rate

Select the correct order of the above stages using the codes given below :

*(a)* 1, 2, 3

*(b)* 2, 1, 3

*(c)* 2, 3, 1

*(d)* 3, 2, 1

**35.** निम्नलिखित में से कौन-सी विधियाँ भारत के लोक वित्त पर संसदीय नियंत्रण रखने के काम आती हैं?

1. संसद् के सम्मुख वार्षिक वित्तीय विवरण का प्रस्तुत किया जाना
2. विनियोजन विधेयक के पारित होने के बाद ही भारत की संचित निधि से मुद्रा निकाला जाना
3. अनुपूरक अनुदानों तथा लेखानुदान का प्रावधान
4. संसदीय बजट कार्यालय द्वारा समष्टिगत आर्थिक पूर्वानुमानों तथा व्यय हेतु सरकार के कार्यक्रम का एक नियतकालिक अथवा कम-से-कम मध्यवर्षीय पुनरवलोकन
5. संसद् में वित्त विधेयक का प्रस्तुत किया जाना

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1, 2, 3 और 5

*(b)* केवल 1, 2 और 4

*(c)* केवल 3, 4 और 5

*(d)* 1, 2, 3, 4 और 5

**36.** 1932 में महात्मा गाँधी ने मरणपर्यन्त उपवास प्रधानतया इसलिए किया कि

*(a)* गोल मेज़ सभा भारतीय राजनीतिक आकांक्षाओं को सन्तुष्ट करने में असफल हुई

*(b)* कांग्रेस और मुस्लिम लीग में मत-भिन्नता थी

*(c)* रैम्ज़े मैकडोनल्ड ने साम्प्रदायिक अधिनिर्णय (कम्युनल एवार्ड) की घोषणा की

*(d)* इस सन्दर्भ में उपर्युक्त *(a)*, *(b)* तथा *(c)* कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**37.** रैयतवारी बन्दोबस्त के, सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसानों द्वारा लगान सीधे सरकार को दिया जाता था।
2. सरकार रैयत को पट्टे देती थी।
3. कर लगाने के पूर्व भूमि का सर्वेक्षण और मूल्य-निर्धारण किया जाता था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई भी नहीं

**38.** आर्थिक विकास से सम्बद्ध जनांकिकीय संक्रमण की निम्नलिखित विशिष्ट अवस्थाओं पर विचार कीजिए :

1. निम्न मृत्यु-दर के साथ निम्न जन्म-दर
2. उच्च मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर
3. निम्न मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर

नीचे दिए गए कूटों की सहायता से उपर्युक्त अवस्थाओं का सही क्रम चुनिए :

*(a)* 1, 2, 3

*(b)* 2, 1, 3

*(c)* 2, 3, 1

*(d)* 3, 2, 1

39. In India, in the overall Index of Industrial Production, the Indices of Eight Core Industries have a combined weight of 37·90%. Which of the following are among those Eight Core Industries?

1. Cement
2. Fertilizers
3. Natural gas
4. Refinery products
5. Textiles

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 5 only
*(b)* 2, 3 and 4 only
*(c)* 1, 2, 3 and 4 only
*(d)* 1, 2, 3, 4 and 5

40. Which of the following provisions of the Constitution of India have a bearing on Education?

1. Directive Principles of State Policy
2. Rural and Urban Local Bodies
3. Fifth Schedule
4. Sixth Schedule
5. Seventh Schedule

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 3, 4 and 5 only
*(c)* 1, 2 and 5 only
*(d)* 1, 2, 3, 4 and 5

41. Government of India encourages the cultivation of 'sea buckthorn'. What is the importance of this plant?

1. It helps in controlling soil erosion and in preventing desertification.
2. It is a rich source of biodiesel.
3. It has nutritional value and is well-adapted to live in cold areas of high altitudes.
4. Its timber is of great commercial value.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only
*(b)* 2, 3 and 4 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2, 3 and 4

42. Which of the following is the chief characteristic of 'mixed farming'?

*(a)* Cultivation of both cash crops and food crops
*(b)* Cultivation of two or more crops in the same field
*(c)* Rearing of animals and cultivation of crops together
*(d)* None of the above

43. A particular State in India has the following characteristics :

1. It is located on the same latitude which passes through northern Rajasthan.
2. It has over 80% of its area under forest cover.
3. Over 12% of forest cover constitutes Protected Area Network in this State.

Which one among the following States has all the above characteristics?

*(a)* Arunachal Pradesh
*(b)* Assam
*(c)* Himachal Pradesh
*(d)* Uttarakhand

**39.** भारत में 'औद्योगिक उत्पादन सकल सूचकांक' में आठ मूल उद्योगों के सूचकांकों का संयुक्त भार 37·90% है। निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग उन आठ मूल उद्योगों में सम्मिलित हैं?

1. सीमेन्ट
2. उर्वरक
3. प्राकृतिक गैस
4. रिफाइनरी उत्पाद
5. वस्त्रोद्योग

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 5
*(b)* केवल 2, 3 और 4
*(c)* केवल 1, 2, 3 और 4
*(d)* 1, 2, 3, 4 और 5

**40.** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान शिक्षा पर प्रभाव डालते हैं?

1. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
2. ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय
3. पंचम अनुसूची
4. षष्ठ अनुसूची
5. सप्तम अनुसूची

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2
*(b)* केवल 3, 4 और 5
*(c)* केवल 1, 2 और 5
*(d)* 1, 2, 3, 4 और 5

**41.** भारत सरकार 'सी बकथोर्न' की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इस पादप का क्या महत्त्व है?

1. यह मृदा-क्षरण के नियंत्रण में सहायक है और मरुस्थलीकरण को रोकता है।
2. यह बायोडीज़ल का एक समृद्ध स्रोत है।
3. इसमें पोषकीय मान होता है और यह उच्च तुंगता वाले ठण्डे क्षेत्रों में जीवित रहने के लिए भली-भाँति अनुकूलित होता है।
4. इसकी इमारती लकड़ी का उच्च वाणिज्यिक मूल्य है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2, 3 और 4
*(c)* केवल 1 और 3
*(d)* 1, 2, 3 और 4

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सी 'मिश्रित खेती' की प्रमुख विशेषता है?

*(a)* नकदी और खाद्य दोनों सस्यों की साथ-साथ खेती
*(b)* दो या दो से अधिक सस्यों को एक ही खेत में उगाना
*(c)* पशुपालन और सस्य-उत्पादन को एक साथ करना
*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** भारत का एक विशेष राज्य निम्नलिखित विशेषताओं से युक्त है :

1. यह उसी अक्षांश पर स्थित है, जो उत्तरी राजस्थान से होकर जाता है।
2. इसका 80% से अधिक क्षेत्र वन आवरणान्तर्गत है।
3. 12% से अधिक वनाच्छादित क्षेत्र इस राज्य के रक्षित क्षेत्र नेटवर्क के रूप में है।

निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा एक ऊपर दी गई सभी विशेषताओं से युक्त है?

*(a)* अरुणाचल प्रदेश
*(b)* असम
*(c)* हिमाचल प्रदेश
*(d)* उत्तराखण्ड

**44.** Consider the following crops of India :

1. Cowpea
2. Green gram
3. Pigeon pea

Which of the above is/are used as pulse, fodder and green manure?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**45.** Consider the following factors :

1. Rotation of the Earth
2. Air pressure and wind
3. Density of ocean water
4. Revolution of the Earth

Which of the above factors influence the ocean currents?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1 and 4

*(d)* 2, 3 and 4

**46.** With reference to the wetlands of India, consider the following statements :

1. The country's total geographical area under the category of wetlands is recorded more in Gujarat as compared to other States.
2. In India, the total geographical area of coastal wetlands is larger than that of inland wetlands.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**47.** Consider the following crops of India :

1. Groundnut
2. Sesamum
3. Pearl millet

Which of the above is/are predominantly rainfed crop/crops?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**48.** When you travel in Himalayas, you will see the following :

1. Deep gorges
2. U-turn river courses
3. Parallel mountain ranges
4. Steep gradients causing land-sliding

Which of the above can be said to be the evidences for Himalayas being young fold mountains?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 4 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

44. भारत की निम्नलिखित फ़सलों पर विचार कीजिए :

1. लोबिया
2. मूँग
3. अरहर

उपर्युक्त में से कौन-सा/से दलहन, चारा और हरी खाद के रूप में प्रयोग होता है/होते हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

45. निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिए :

1. पृथ्वी का आवर्तन
2. वायु दाब और हवा
3. महासागरीय जल का घनत्व
4. पृथ्वी का परिक्रमण

उपर्युक्त में से कौन-से कारक महासागरीय धाराओं को प्रभावित करते हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) 1 और 4
(d) 2, 3 और 4

46. भारत की आर्द्रभूमियों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आर्द्रभूमि के अन्तर्गत देश का कुल भौगोलिक क्षेत्र अन्य राज्यों की तुलना में गुजरात में अधिक अंकित है।
2. भारत में तटीय आर्द्रभूमि का कुल भौगोलिक क्षेत्र, आन्तरिक आर्द्रभूमि के कुल भौगोलिक क्षेत्र से अधिक है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

47. भारत की निम्नलिखित फ़सलों पर विचार कीजिए :

1. मूँगफली
2. तिल
3. बाजरा

उपर्युक्त में से कौन-सा/से प्रमुखतया वर्षा-आधारित फसल है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

48. जब आप हिमालय की यात्रा करेंगे, तो आप निम्नलिखित को देखेंगे :

1. गहरे खड्ड
2. U घुमाव वाले नदी-मार्ग
3. समानान्तर पर्वत श्रेणियाँ
4. भूस्खलन के लिए उत्तरदायी तीव्र ढाल प्रवणता

उपर्युक्त में से कौन-से हिमालय के तरुण वलित पर्वत (नवीन मोड़दार पर्वत) के साक्ष्य कहे जा सकते हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**49.** Normally, the temperature decreases with the increase in height from the Earth's surface, because

1. the atmosphere can be heated upwards only from the Earth's surface
2. there is more moisture in the upper atmosphere
3. the air is less dense in the upper atmosphere

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**50.** The acidification of oceans is increasing. Why is this phenomenon a cause of concern?

1. The growth and survival of calcareous phytoplankton will be adversely affected.
2. The growth and survival of coral reefs will be adversely affected.
3. The survival of some animals that have phytoplanktonic larvae will be adversely affected.
4. The cloud seeding and formation of clouds will be adversely affected.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3 only
*(b)* 2 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2, 3 and 4

**51.** In India, other than ensuring that public funds are used efficiently and for intended purpose, what is the importance of the office of the Comptroller and Auditor General (CAG)?

1. CAG exercises exchequer control on behalf of the Parliament when the President of India declares national emergency/financial emergency.
2. CAG reports on the execution of projects or programmes by the ministries are discussed by the Public Accounts Committee.
3. Information from CAG reports can be used by investigating agencies to press charges against those who have violated the law while managing public finances.
4. While dealing with the audit and accounting of government companies, CAG has certain judicial powers for prosecuting those who violate the law.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 3 and 4 only
*(b)* 2 only
*(c)* 2 and 3 only
*(d)* 1, 2, 3 and 4

49. सामान्यतया पृथ्वी की सतह से ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में घटोतरी होती है, क्योंकि

1. वायुमण्डल पृथ्वी की सतह से केवल ऊपर की ओर गर्म हो सकता है
2. ऊपरी वायुमण्डल में आर्द्रता अधिक होती है
3. ऊपरी वायुमण्डल में हवा कम घनी होती है

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

50. महासागरों का अम्लीकरण बढ़ रहा है। यह घटना क्यों चिन्ता का विषय है?

1. कैल्सियमी पादपप्लवक की वृद्धि और उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।
2. प्रवाल-भित्ति की वृद्धि और उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।
3. कुछ प्राणी, जिनके डिम्भक पादपप्लवकीय होते हैं, की उत्तरजीविता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।
4. मेघ बीजन और मेघों का बनना प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

51. लोक निधि के फलोत्पादक और आशयित प्रयोग को सुरक्षित करने के साथ-साथ भारत में नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (CAG) के कार्यालय का महत्व क्या है?

1. CAG संसद् की ओर से राजकोष पर नियंत्रण रखता है जब भारत का राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपत्/वित्तीय आपत घोषित करता है।
2. CAG की मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर जारी किये गए प्रतिवेदनों पर लोक लेखा समिति विचार-विमर्श करती है।
3. CAG के प्रतिवेदनों से मिली जानकारियों के आधार पर जाँचकर्ता एजेंसियाँ उन लोगों के विरुद्ध आरोप दाखिल कर सकती है, जिन्होंने लोक निधि प्रबन्धन में कानून का उल्लंघन किया हो।
4. CAG को ऐसी निश्चित न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त हैं कि सरकारी कम्पनियों के लेखा-परीक्षा और लेखा जाँचते समय वह कानून का उल्लंघन करने वालों पर अभियोग लगा सके।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1, 3 और 4

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

52. The endeavour of 'Janani Suraksha Yojana' Programme is

1. to promote institutional deliveries
2. to provide monetary assistance to the mother to meet the cost of delivery
3. to provide for wage loss due to pregnancy and confinement

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

53. The Prime Minister of India, at the time of his/her appointment

*(a)* need not necessarily be a member of one of the Houses of the Parliament but must become a member of one of the Houses within six months

*(b)* need not necessarily be a member of one of the Houses of the Parliament but must become a member of the Lok Sabha within six months

*(c)* must be a member of one of the Houses of the Parliament

*(d)* must be a member of the Lok Sabha

54. With reference to the Delimitation Commission, consider the following statements :

1. The orders of the Delimitation Commission cannot be challenged in a Court of Law.
2. When the orders of the Delimitation Commission are laid before the Lok Sabha or State Legislative Assembly, they cannot effect any modifications in the orders.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

55. Consider the following :

1. Hotels and restaurants
2. Motor transport undertakings
3. Newspaper establishments
4. Private medical institutions

The employees of which of the above can have the 'Social Security' coverage under Employees' State Insurance Scheme?

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

52. 'जननी सुरक्षा योजना' कार्यक्रम का प्रयास है

1. संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना
2. प्रसूति की लागत वहन करने हेतु माँ को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना
3. गर्भावस्था और प्रसूति से हुई वेतन-हानि की प्रतिपूर्ति करना

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

53. भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति के समय

(a) जरूरी नहीं है कि वह संसद् के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो परन्तु उसे छः माह के अन्दर आवश्यक रूप से दोनों में से एक सदन का सदस्य हो जाना चाहिए
(b) जरूरी नहीं है कि वह संसद् के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो परन्तु उसे छः माह के अन्दर लोक सभा का सदस्य हो जाना चाहिए
(c) संसद् के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य होना चाहिए
(d) आवश्यक रूप से लोक सभा का सदस्य होना चाहिए

54. परिसीमन आयोग के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. परिसीमन आयोग के आदेशों को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
2. परिसीमन आयोग के आदेश जब लोक सभा अथवा राज्य विधान सभा के सम्मुख रखे जाते हैं, तब उन आदेशों में कोई संशोधन नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

55. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. होटल तथा रेस्तराँ
2. मोटर परिवहन उद्योग
3. समाचार-पत्र प्रतिष्ठान
4. निजी चिकित्सा संस्थान

उपर्युक्त में से किस इकाई/किन इकाइयों के कर्मचारी, 'कर्मचारी राज्य बीमा योजना' के अन्तर्गत 'सामाजिक सुरक्षा' कवच प्राप्त कर सकते हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

56. According to the Constitution of India, it is the duty of the President of India to cause to be laid before the Parliament which of the following?

1. The Recommendations of the Union Finance Commission
2. The Report of the Public Accounts Committee
3. The Report of the Comptroller and Auditor General
4. The Report of the National Commission for Scheduled Castes

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

57. A deadlock between the Lok Sabha and the Rajya Sabha calls for a joint sitting of the Parliament during the passage of

1. Ordinary Legislation
2. Money Bill
3. Constitution Amendment Bill

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

58. How do District Rural Development Agencies (DRDAs) help in the reduction of rural poverty in India?

1. DRDAs act as Panchayati Raj Institutions in certain specified backward regions of the country.
2. DRDAs undertake area-specific scientific study of the causes of poverty and malnutrition and prepare detailed remedial measures.
3. DRDAs secure inter-sectoral and inter-departmental coordination and cooperation for effective implementation of anti-poverty programmes.
4. DRDAs watch over and ensure effective utilization of the funds intended for anti-poverty programmes.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**56.** भारतीय संविधान के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति का यह कर्तव्य है कि वे निम्नलिखित में से किसको/किनको संसद् के पटल पर रखवाएं?

1. संघ वित्त आयोग की सिफारिशों को
2. लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन को
3. नियंत्रक-महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन को
4. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के प्रतिवेदन को

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**57.** लोक सभा और राज्य सभा के बीच गतिरोध की किस स्थिति/किन स्थितियों में संसद् की संयुक्त बैठक बुलाई जाती है?

1. साधारण विधि-निर्माण को पारित करने की स्थिति में
2. धन-विधेयक को पारित करने की स्थिति में
3. संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने की स्थिति में

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**58.** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (DRDAs) भारत में ग्रामीण निर्धनता को कम करने में कैसे मदद करते हैं?

1. DRDAs देश के कुछ विनिर्दिष्ट पिछड़े क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के रूप में कार्य करते हैं।
2. DRDAs विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में निर्धनता और कुपोषण के कारणों का वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं और उनके समाधान के विस्तृत उपाय तैयार करते हैं।
3. DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अन्तरक्षेत्रीय (इंटर-सेक्टोरल) तथा अन्तरविभागीय समन्वयन और सहयोग सुरक्षित करते हैं।
4. DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के लिए मिले कोष पर निगरानी रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका प्रभावी उपयोग हो।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

59. Which of the following is/are among the Fundamental Duties of citizens laid down in the Indian Constitution?

1. To preserve the rich heritage of our composite culture
2. To protect the weaker sections from social injustice
3. To develop the scientific temper and spirit of inquiry
4. To strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

60. What is the provision to safeguard the autonomy of the Supreme Court of India?

1. While appointing the Supreme Court Judges, the President of India has to consult the Chief Justice of India.
2. The Supreme Court Judges can be removed by the Chief Justice of India only.
3. The salaries of the Judges are charged on the Consolidated Fund of India to which the legislature does not have to vote.
4. All appointments of officers and staffs of the Supreme Court of India are made by the Government only after consulting the Chief Justice of India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

61. To meet its rapidly growing energy demand, some opine that India should pursue research and development on thorium as the future fuel of nuclear energy. In this context, what advantage does thorium hold over uranium?

1. Thorium is far more abundant in nature than uranium.
2. On the basis of per unit mass of mined mineral, thorium can generate more energy compared to natural uranium.
3. Thorium produces less harmful waste compared to uranium.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**59.** भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मूल कर्तव्यों में निम्नलिखित में से क्या है/हैं?

1. मिश्रित संस्कृति की समृद्ध विरासत की रक्षा
2. सामाजिक अन्याय से कमजोर वर्गों की रक्षा
3. वैज्ञानिक मनोदशा और खोज की भावना का विकास
4. वैयक्तिक और सामूहिक कार्यकलापों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयत्न

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**60.** भारत के उच्चतम न्यायालय की स्वायत्तता की रक्षा हेतु क्या प्रावधान है?

1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करते समय भारत के राष्ट्रपति को भारत के मुख्य न्यायाधीश से विचार-विमर्श करना पड़ता है।
2. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा हटाया जा सकता है।
3. न्यायाधीशों का वेतन भारत के संचित निधि पर आरोपित होता है, जिस पर विधानमण्डल को अपना मत नहीं देना होता है।
4. भारत के उच्चतम न्यायालय के अफसरों और कर्मचारियों की सभी नियुक्तियाँ सरकार द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश से विचार-विमर्श के पश्चात् ही की जाती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**61.** कुछ लोगों का सोचना है कि तेजी से बढ़ रही ऊर्जा की जरूरत पूरी करने के लिए भारत को थोरियम को नाभिकीय ऊर्जा के भविष्य के ईंधन के रूप में विकसित करने के लिए शोध और विकास करना चाहिए। इस सन्दर्भ में थोरियम, यूरेनियम की तुलना में कैसे अधिक लाभकारी है?

1. प्रकृति में यूरेनियम की तुलना में थोरियम के कहीं अधिक भण्डार हैं।
2. उत्खनन-प्राप्त खनिज से मिलने वाली प्रति इकाई द्रव्यमान ऊर्जा की तुलना की जाए, तो थोरियम, प्राकृतिक यूरेनियम की तुलना में, कहीं अधिक ऊर्जा उत्पन्न करता है।
3. थोरियम, यूरेनियम की तुलना में, कम नुकसानदेह अपशिष्ट उत्पादित करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

62. The increasing amount of carbon dioxide in the air is slowly raising the temperature of the atmosphere, because it absorbs

*(a)* the water vapour of the air and retains its heat

*(b)* the ultraviolet part of the solar radiation

*(c)* all the solar radiations

*(d)* the infrared part of the solar radiation

63. Which one of the following sets of elements was primarily responsible for the origin of life on the Earth?

*(a)* Hydrogen, Oxygen, Sodium

*(b)* Carbon, Hydrogen, Nitrogen

*(c)* Oxygen, Calcium, Phosphorus

*(d)* Carbon, Hydrogen, Potassium

64. What are the reasons for the people's resistance to the introduction of Bt brinjal in India?

1. Bt brinjal has been created by inserting a gene from a soil fungus into its genome.
2. The seeds of Bt brinjal are terminator seeds and therefore, the farmers have to buy the seeds before every season from the seed companies.
3. There is an apprehension that the consumption of Bt brinjal may have adverse impact on health.
4. There is some concern that the introduction of Bt brinjal may have adverse effect on the biodiversity.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

65. Other than resistance to pests, what are the prospects for which genetically engineered plants have been created?

1. To enable them to withstand drought
2. To increase the nutritive value of the produce
3. To enable them to grow and do photosynthesis in spaceships and space stations
4. To increase their shelf life

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

62. वायु में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ती हुई मात्रा से वायुमण्डल का तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है, क्योंकि कार्बन डाइऑक्साइड

(a) वायु में उपस्थित जलवाष्प को अवशोषित कर उसकी ऊष्मा को संचित करती है

(b) सौर विकिरण के पराबैंगनी अंश को अवशोषित करती है

(c) संपूर्ण सौर विकिरण को अवशोषित करती है

(d) सौर विकिरण के अवरक्त अंश को अवशोषित करती है

63. निम्नलिखित तत्त्व समूहों में से कौन-सा एक पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के लिए मूलतः उत्तरदायी था?

(a) हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, सोडियम

(b) कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन

(c) ऑक्सीजन, कैल्सियम, फॉस्फोरस

(d) कार्बन, हाइड्रोजन, पोटैशियम

64. भारत में Bt बैंगन के प्रवेशन पर लोगों के विरोध के कारण क्या हैं?

1. Bt बैंगन की रचना इसके जीनोम में मृदा कवक के जीन को प्रवेश कराकर की गयी है।

2. Bt बैंगन के बीज टर्मिनेटर बीज हैं जिसके कारण किसानों को प्रत्येक मौसम के पहले बीज कम्पनियों से बीज खरीदना पड़ता है।

3. एक आशंका है कि Bt बैंगन के उपभोग का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

4. यह भी चिन्ता है कि Bt बैंगन के प्रवेशन से जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव हो सकता है।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

65. पीड़कों को प्रतिरोध के अतिरिक्त, वे कौन-सी सम्भावनाएँ हैं जिनके लिए आनुवंशिक रूप से रूपान्तरित पादपों का निर्माण किया गया है?

1. सूखा सहन करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना

2. उत्पाद में पोषकीय मान बढ़ाना

3. अन्तरिक्ष यानों और अन्तरिक्ष स्टेशनों में उन्हें उगने और प्रकाश-संश्लेषण करने के लिए सक्षम बनाना

4. उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाना

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

66. Consider the following statements :

The most effective contribution made by Dadabhai Naoroji to the cause of Indian National Movement was that he

1. exposed the economic exploitation of India by the British
2. interpreted the ancient Indian texts and restored the self-confidence of Indians
3. stressed the need for eradication of all the social evils before anything else

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

67. With reference to Dhrupad, one of the major traditions of India that has been kept alive for centuries, which of the following statements are correct?

1. Dhrupad originated and developed in the Rajput kingdoms during the Mughal period.
2. Dhrupad is primarily a devotional and spiritual music.
3. Dhrupad Alap uses Sanskrit syllables from Mantras.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None of the above is correct

68. How do you distinguish between Kuchipudi and Bharatanatyam dances?

1. Dancers occasionally speaking dialogues is found in Kuchipudi dance but not in Bharatanatyam.
2. Dancing on the brass plate by keeping the feet on its edges is a feature of Bharatanatyam but Kuchipudi dance does not have such a form of movements.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

दादाभाई नौरोजी की भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को सर्वाधिक प्रभावी देन थी कि

1. उन्होंने इस बात को अभिव्यक्त किया कि ब्रिटेन, भारत का आर्थिक शोषण कर रहा है
2. उन्होंने प्राचीन भारतीय ग्रंथों की व्याख्या की और भारतीयों में आत्म-विश्वास जगाया
3. उन्होंने सभी सामाजिक बुराइयों के निराकरण की आवश्यकता पर सर्वोपरि जोर दिया

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

67. सदियों से भारत में जीवित रही एक प्रमुख परम्परा 'ध्रुपद' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. ध्रुपद की उत्पत्ति तथा विकास मुगल काल में राजपूत राज्यों में हुआ।
2. ध्रुपद प्रमुखतः भक्ति और अध्यात्म का संगीत है।
3. ध्रुपद आलाप मंत्रों से लिए गए संस्कृत अक्षरों पर आधारित है।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* उपर्युक्त में से कोई भी सही नहीं है

68. कूचिपुडी तथा भरतनाट्यम नृत्यों के बीच क्या भेद है?

1. कूचिपुडी नृत्य में नर्तक प्रासंगिक रूप से कथोपकथन का प्रयोग करते हैं, जबकि भरतनाट्यम में कथोपकथन का प्रयोग नहीं किया जाता।
2. पीतल की तश्तरी की धार पर पाद रख नृत्य करने की परम्परा भरतनाट्यम की विशिष्टता है, जबकि कूचिपुडी नृत्य में इस प्रकार की क्रियाओं का कोई स्थान नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

69. With reference to the religious history of medieval India, the Sufi mystics were known to pursue which of the following practices?

1. Meditation and control of breath
2. Severe ascetic exercises in a lonely place
3. Recitation of holy songs to arouse a state of ecstasy in their audience

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

70. The Rowlatt Act aimed at

*(a)* compulsory economic support to war efforts

*(b)* imprisonment without trial and summary procedures for trial

*(c)* suppression of the Khilafat Movement

*(d)* imposition of restrictions on freedom of the press

71. The Lahore Session of the Indian National Congress (1929) is very important in history, because

1. the Congress passed a resolution demanding complete independence
2. the rift between the extremists and moderates was resolved in that Session
3. a resolution was passed rejecting the two-nation theory in that Session

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 and 3

*(d)* None of the above

72. Lord Buddha's image is sometimes shown with the hand gesture called 'Bhumisparsha Mudra'. It symbolizes

*(a)* Buddha's calling of the Earth to watch over Māra and to prevent Māra from disturbing his meditation

*(b)* Buddha's calling of the Earth to witness his purity and chastity despite the temptations of Māra

*(c)* Buddha's reminder to his followers that they all arise from the Earth and finally dissolve into the Earth, and thus this life is transitory

*(d)* Both the statements *(a)* and *(b)* are correct in this context

73. The religion of early Vedic Aryans was primarily of

*(a)* Bhakti

*(b)* image worship and Yajnas

*(c)* worship of nature and Yajnas

*(d)* worship of nature and Bhakti

69. मध्ययुगीन भारत के धार्मिक इतिहास के सन्दर्भ में सूफी सन्त निम्नलिखित में से किस तरह के आचरण का निर्वाह करते थे?

1. ध्यानसाधना और श्वास-नियमन
2. एकांत में कठोर यौगिक व्यायाम
3. श्रोताओं में आध्यात्मिक हर्षोन्माद उत्पन्न करने के लिए पवित्र गीतों का गायन

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

70. रॉलेट ऐक्ट का लक्ष्य था

*(a)* युद्धप्रयासों को अनिवार्य आर्थिक समर्थन

*(b)* बिना मुकदमा चलाये बन्दी बनाना और मुकदमों की सुनवाई संक्षिप्त प्रक्रिया द्वारा

*(c)* ख़िलाफ़त आन्दोलन का दमन

*(d)* प्रेस स्वातंत्र्य पर प्रतिबन्ध लगाना

71. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन (1929) इतिहास में इसलिए बहुत प्रसिद्ध है, क्योंकि

1. कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की माँग का एक संकल्प पारित किया
2. इस अधिवेशन में उग्रवादियों एवं उदारवादियों के बीच झगड़े को सुलझा लिया गया
3. इस अधिवेशन में दो राष्ट्रों की माँग के सिद्धान्त को अस्वीकार करते हुए एक संकल्प पारित किया गया

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. भगवान बुद्ध की प्रतिमा कभी-कभी एक हस्त मुद्रा युक्त दिखाई गई है, जिसे 'भूमिस्पर्श मुद्रा' कहा जाता है। यह किसका प्रतीक है?

*(a)* मार पर दृष्टि रखने एवं अपने ध्यान में विघ्न डालने से मार को रोकने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान

*(b)* मार के प्रलोभनों के बावजूद अपनी शुचिता और शुद्धता का साक्षी होने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान

*(c)* बुद्ध का अपने अनुयायियों को स्मरण कराना कि वे सभी धरती से उत्पन्न होते हैं और अन्ततः धरती में विलीन हो जाते हैं, अतः जीवन संक्रमणशील है

*(d)* इस सन्दर्भ में दोनों ही कथन *(a)* एवं *(b)* सही हैं

73. पूर्व-वैदिक आर्यों का धर्म प्रमुखतः था

*(a)* भक्ति

*(b)* मूर्तिपूजा और यज्ञ

*(c)* प्रकृति पूजा और यज्ञ

*(d)* प्रकृति पूजा और भक्ति

74. Which of the following statements is/are correct regarding Brahmo Samaj?

1. It opposed idolatry.
2. It denied the need for a priestly class for interpreting the religious texts.
3. It popularized the doctrine that the Vedas are infallible.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

75. The Reserve Bank of India (RBI) acts as a bankers' bank. This would imply which of the following?

1. Other banks retain their deposits with the RBI.
2. The RBI lends funds to the commercial banks in times of need.
3. The RBI advises the commercial banks on monetary matters.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 2 and 3 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

76. Under which of the following circumstances may 'capital gains' arise?

1. When there is an increase in the sales of a product
2. When there is a natural increase in the value of the property owned
3. When you purchase a painting and there is a growth in its value due to increase in its popularity

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

77. Which of the following measures would result in an increase in the money supply in the economy?

1. Purchase of government securities from the public by the Central Bank
2. Deposit of currency in commercial banks by the public
3. Borrowing by the government from the Central Bank
4. Sale of government securities to the public by the Central Bank

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1 and 3

*(d)* 2, 3 and 4

74. ब्रह्म समाज के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसने मूर्तिपूजा का विरोध किया।
2. धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या के लिए इसने पुरोहित वर्ग को अस्वीकारा।
3. इसने इस सिद्धान्त का प्रचार किया कि वेद त्रुटिहीन हैं।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

75. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) बैंकरों के बैंक (केन्द्रीय बैंक) के रूप में कार्य करता है। इसका अर्थ निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. अन्य बैंक RBI के पास अपनी जमा संचित रखते हैं।
2. आवश्यकता के समय RBI वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।
3. RBI वाणिज्यिक बैंकों को मौद्रिक विषयों पर परामर्श देता है।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

76. निम्नलिखित में से किस/किन परिस्थिति/परिस्थितियों में 'पूँजीगत लाभ' हो सकता है?

1. जब किसी उत्पाद के विक्रय में वृद्धि हो
2. जब किसी सम्पत्ति के मूल्य में प्राकृतिक वृद्धि हो
3. जब आप कोई रंगचित्र खरीदें और उसकी लोकप्रियता बढ़ने के कारण उसके मूल्य में वृद्धि हो

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2
(d) 1, 2 और 3

77. निम्नलिखित उपायों में से किसके/किनके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी?

1. केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय
2. लोगों द्वारा वाणिज्यिक बैंकों में जमा की गई करेंसी
3. सरकार द्वारा केन्द्रीय बैंक से लिया गया ऋण
4. केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों को सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 4
(c) 1 और 3
(d) 2, 3 और 4

**78.** Which of the following would include Foreign Direct Investment in India?

1. Subsidiaries of foreign companies in India
2. Majority foreign equity holding in Indian companies
3. Companies exclusively financed by foreign companies
4. Portfolio investment

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3 only

**79.** Consider the following statements :

The price of any currency in international market is decided by the

1. World Bank
2. demand for goods/services provided by the country concerned
3. stability of the government of the concerned country
4. economic potential of the country in question

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1 and 4 only

**80.** The basic aim of Lead Bank Scheme is that

*(a)* big banks should try to open offices in each district

*(b)* there should be stiff competition among the various nationalized banks

*(c)* individual banks should adopt particular districts for intensive development

*(d)* all the banks should make intensive efforts to mobilize deposits

**81.** Consider the following :

1. Assessment of land revenue on the basis of nature of the soil and the quality of crops
2. Use of mobile cannons in warfare
3. Cultivation of tobacco and red chillies

Which of the above was/were introduced into India by the English?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2

*(c)* 2 and 3

*(d)* None

78. निम्नलिखित में से कौन-सी बातें भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में समाविष्ट होंगी?

1. भारत में विदेशी कम्पनियों की सहायक कम्पनियाँ
2. भारतीय कम्पनियों में बहुसंख्यक विदेशी इक्विटी धारण
3. विदेशी कम्पनियों द्वारा अनन्य रूप से वित्त-पोषित कम्पनियाँ
4. पोर्टफ़ोलियो निवेश

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 1, 2 और 3

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

किसी मुद्रा का अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार में मूल्य

1. विश्व बैंक निर्धारित करता है
2. सम्बन्धित देश द्वारा प्रदत्त वस्तुओं/सेवाओं की कितनी माँग है, से निर्धारित होता है
3. सम्बन्धित देश की सरकार की स्थिरता से निर्धारित होता है
4. सम्बन्धित देश की आर्थिक सम्भाव्यता से निर्धारित होता है

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 1 और 4

80. लीड बैंक योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि

*(a)* बड़े बैंक प्रत्येक जिले में अपने कार्यालय खोलने का प्रयास करें

*(b)* विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हो

*(c)* प्रत्येक बैंक सघन विकास के लिए पृथक्-पृथक् जिलों को अपनाएँ

*(d)* सभी बैंक अपने पास जमा राशि जुटाने के लिए गहन प्रयास करें

81. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. मृदा के स्वरूप तथा उपज के गुणों के आधार पर भूमि राजस्व का मूल्यांकन
2. युद्ध में चलती-फिरती तोपों का उपयोग
3. तम्बाकू और लाल मिर्च की खेती

उपर्युक्त में से कौन-सा/से अंग्रेजों की भारत को देन थी/थी?

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 2

*(c)* 2 और 3

*(d)* कोई भी नहीं

82. With reference to the guilds (Shreni) of ancient India that played a very important role in the country's economy, which of the following statements is/are correct?

1. Every guild was registered with the central authority of the State and the king was the chief administrative authority on them.

2. The wages, rules of work, standards and prices were fixed by the guild.

3. The guild had judicial powers over its own members.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

83. The distribution of powers between the Centre and the States in the Indian Constitution is based on the scheme provided in the

*(a)* Morley-Minto Reforms, 1909

*(b)* Montagu-Chelmsford Act, 1919

*(c)* Government of India Act, 1935

*(d)* Indian Independence Act, 1947

84. Despite having large reserves of coal, why does India import millions of tonnes of coal?

1. It is the policy of India to save its own coal reserves for future, and import it from other countries for the present use.

2. Most of the power plants in India are coal-based and they are not able to get sufficient supplies of coal from within the country.

3. Steel companies need large quantity of coking coal which has to be imported.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

85. A person stood alone in a desert on a dark night and wanted to reach his village which was situated 5 km east of the point where he was standing. He had no instruments to find the direction but he located the polestar. The most convenient way now to reach his village is to walk in the

*(a)* direction facing the polestar

*(b)* direction opposite to the polestar

*(c)* direction keeping the polestar to his left

*(d)* direction keeping the polestar to his right

82. प्राचीन भारत में देश की अर्थव्यवस्था में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली 'श्रेणी' संगठन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. प्रत्येक 'श्रेणी' राज्य की एक केन्द्रीय प्राधिकरण के साथ पंजीकृत होती थी और प्रशासनिक स्तर पर राजा उनका प्रमुख होता था।

2. 'श्रेणी' ही वेतन, काम करने के नियमों, मानकों और कीमतों को सुनिश्चित करती थी।

3. 'श्रेणी' का अपने सदस्यों पर न्यायिक अधिकार होता था।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

83. भारत के संविधान में केन्द्र और राज्यों के बीच किए गए शक्तियों का विभाजन इनमें से किसमें उल्लिखित योजना पर आधारित है?

(a) मोरले-मिन्टो सुधार, 1909

(b) मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड अधिनियम, 1919

(c) भारत सरकार अधिनियम, 1935

(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

84. कोयले के बृहत् सुरक्षित भण्डार होते हुए भी भारत क्यों मिलियन टन कोयले का आयात करता है?

1. भारत की यह नीति है कि वह अपने कोयले के भण्डार को भविष्य के लिए सुरक्षित रखे और वर्तमान उपयोग के लिए इसे अन्य देशों से आयात करे।

2. भारत के अधिकतर विद्युत् संयंत्र कोयले पर आधारित हैं और उन्हें देश से पर्याप्त मात्रा में कोयले की आंतरिक आपूर्ति नहीं हो पाती।

3. इस्पात कम्पनियों को बड़ी मात्रा में कोक कोयले की आवश्यकता पड़ती है, जिसे आयात करना पड़ता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

85. एक व्यक्ति काली अंधेरी रात में रेगिस्तान में अकेला खड़ा था। उसे अपने गाँव जाना था जो वहाँ से पूर्व में पाँच किलोमीटर की दूरी पर था। उसके पास दिशा-ज्ञान के लिए कोई यंत्र नहीं था, पर उसने ध्रुवतारे को पहचान लिया। अब उसको गाँव पहुँचने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मार्ग अपनाना अधिकतम सुविधाजनक होगा?

(a) ध्रुवतारे की दिशा में चले

(b) ध्रुवतारे से विपरीत दिशा में चले

(c) ध्रुवतारे को अपनी बाईं ओर रखकर चले

(d) ध्रुवतारे को अपनी दाहिनी ओर रखकर चले

**86.** Recently, there has been a concern over the short supply of a group of elements called 'rare earth metals'. Why?

1. China, which is the largest producer of these elements, has imposed some restrictions on their export.

2. Other than China, Australia, Canada and Chile, these elements are not found in any country.

3. Rare earth metals are essential for the manufacture of various kinds of electronic items and there is a growing demand for these elements.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**87.** Consider the following protected areas :

1. Bandipur

2. Bhitarkanika

3. Manas

4. Sunderbans

Which of the above are declared Tiger Reserves?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 3 and 4 only

*(c)* 2, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**88.** Consider the following statements :

1. The duration of the monsoon decreases from southern India to northern India.

2. The amount of annual rainfall in the northern plains of India decreases from east to west.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**89.** Which one of the following is the characteristic climate of the Tropical Savannah Region?

*(a)* Rainfall throughout the year

*(b)* Rainfall in winter only

*(c)* An extremely short dry season

*(d)* A definite dry and wet season

**90.** In which one among the following categories of protected areas in India are local people ***not*** allowed to collect and use the biomass?

*(a)* Biosphere Reserves

*(b)* National Parks

*(c)* Wetlands declared under Ramsar Convention

*(d)* Wildlife Sanctuaries

86. हाल में तत्त्वों के एक वर्ग, जिसे 'दुर्लभ मृदा धातु' कहते हैं, की कम आपूर्ति पर चिन्ता जताई गई। क्यों?

1. चीन, जो इन तत्त्वों का सबसे बड़ा उत्पादक है, द्वारा इनके निर्यात पर कुछ प्रतिबन्ध लगा दिया गया है।
2. चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और चिली को छोड़कर अन्य किसी भी देश में ये तत्त्व नहीं पाये जाते हैं।
3. दुर्लभ मृदा धातु विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्माण में आवश्यक हैं और इन तत्त्वों की माँग बढ़ती जा रही है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

87. निम्नलिखित रक्षित क्षेत्रों पर विचार कीजिए :

1. बांदीपुर
2. भीतरकणिका
3. मानस
4. सुन्दरबन

उपर्युक्त में से कौन-से बाघ-आरक्षित क्षेत्र घोषित हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. दक्षिणी भारत से उत्तरी भारत की ओर मॉनसून की अवधि घटती है।
2. उत्तरी भारत के मैदानों में वार्षिक वृष्टि की मात्रा पूर्व से पश्चिम की ओर घटती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

89. निम्नलिखित में से कौन-सी एक उष्णकटिबन्धीय सवाना प्रदेश की जलवायु की मुख्य विशेषता है?

(a) वर्ष-भर वर्षा
(b) केवल शीतकाल में वर्षा
(c) अत्यन्त अल्पकालिक शुष्क ऋतु
(d) निश्चित शुष्क तथा आर्द्र ऋतु

90. भारत के निम्नलिखित में से किस वर्ग के आरक्षित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को जीवभार एकत्रित करने और उसके उपयोग की अनुमति नहीं है?

(a) जैव मण्डलीय आरक्षित क्षेत्रों में
(b) राष्ट्रीय उद्यानों में
(c) रामसर सम्मेलन में घोषित आर्द्रभूमियों में
(d) वन्यजीव अभयारण्यों में

**91.** Consider the following kinds of organisms :

1. Bat
2. Bee
3. Bird

Which of the above is/are pollinating agent/agents?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**92.** Which one of the following groups of animals belongs to the category of endangered species?

*(a)* Great Indian Bustard, Musk Deer, Red Panda and Asiatic Wild Ass

*(b)* Kashmir Stag, Cheetal, Blue Bull and Great Indian Bustard

*(c)* Snow Leopard, Swamp Deer, Rhesus Monkey and Saras (Crane)

*(d)* Lion-tailed Macaque, Blue Bull, Hanuman Langur and Cheetal

**93.** Consider the following statements :

If there were no phenomenon of capillarity

1. it would be difficult to use a kerosene lamp
2. one would not be able to use a straw to consume a soft drink
3. the blotting paper would fail to function
4. the big trees that we see around would not have grown on the Earth

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 1, 3 and 4 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**94.** The Millennium Ecosystem Assessment describes the following major categories of ecosystem services—provisioning, supporting, regulating, preserving and cultural. Which one of the following is supporting service?

*(a)* Production of food and water

*(b)* Control of climate and disease

*(c)* Nutrient cycling and crop pollination

*(d)* Maintenance of diversity

**95.** What is the difference between the antelopes Oryx and Chiru?

*(a)* Oryx is adapted to live in hot and arid areas whereas Chiru is adapted to live in steppes and semi-desert areas of cold high mountains

*(b)* Oryx is poached for its antlers whereas Chiru is poached for its musk

*(c)* Oryx exists in western India only whereas Chiru exists in north-east India only

*(d)* None of the statements *(a)*, *(b)* and *(c)* given above is correct

91. जीवों के निम्नलिखित प्रकारों पर विचार कीजिए :

1. चमगादड़
2. मधुमक्खी
3. पक्षी

उपर्युक्त में से कौन-सा/से परागणकारी है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

92. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्राणी समूह संकटापन्न जातियों के संवर्ग के अन्तर्गत आता है?

(a) महान भारतीय सारंग, कस्तूरी मृग, लाल पांडा और एशियाई वन्य गधा

(b) कश्मीरी महामृग, चीतल, नील गाय और महान भारतीय सारंग

(c) हिम तेंदुआ, अनूप मृग, रीसस बन्दर और सारस (क्रेन)

(d) सिंहपुच्छी मेकाक, नील गाय, हनुमान लंगूर और चीतल

93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

यदि केशिकत्व की परिघटना नहीं होती, तो

1. किरोसिन दीप का उपयोग मुश्किल हो जाता
2. कोई मृदुपेय का उपभोग करने के लिए स्ट्रॉ का प्रयोग नहीं कर पाता
3. स्याही-सोख पत्र काम करने में विफल हो जाता
4. बड़े पेड़, जिन्हें हम अपने चारों ओर देखते हैं, पृथ्वी पर नहीं उगते

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

94. 'मिलेनियम इकोसिस्टम एसेसमेन्ट' पारिस्थितिक तंत्र की सेवाओं के निम्नलिखित प्रमुख वर्गों का वर्णन करता है—व्यवस्था, समर्थन, नियंत्रण, संरक्षण और सांस्कृतिक। निम्नलिखित में से कौन-सी एक समर्थन सेवा है?

(a) खाद्यान्न और जल का उत्पादन

(b) जलवायु और रोग का नियंत्रण

(c) पोषक चक्रण और फ़सल परागण

(d) विविधता अनुरक्षण

95. ऐन्टिलोपों 'ऑरिक्स' और 'चीरू' के बीच क्या अन्तर है?

(a) ऑरिक्स गर्म और शुष्क क्षेत्रों में रहने के लिए अनुकूलित है जबकि चीरू ठण्डे उच्च पर्वतीय घास के मैदान और अर्ध-मरुस्थली क्षेत्रों में रहने के लिए

(b) ऑरिक्स का शिकार उसके शृंगाभों के लिए किया जाता है जबकि चीरू का शिकार कस्तूरी के लिए

(c) ऑरिक्स केवल पश्चिमी भारत में मिलता है जबकि चीरू केवल उत्तर-पूर्व भारत में

(d) उपर्युक्त कथनों (a), (b) तथा (c) में से कोई भी सही नहीं है

**96.** Which of the following can be threats to the biodiversity of a geographical area?

1. Global warming
2. Fragmentation of habitat
3. Invasion of alien species
4. Promotion of vegetarianism

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**97.** Consider the following :

1. Black-necked crane
2. Cheetah
3. Flying squirrel
4. Snow leopard

Which of the above are naturally found in India?

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 1, 3 and 4 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**98.** Consider the following agricultural practices :

1. Contour bunding
2. Relay cropping
3. Zero tillage

In the context of global climate change, which of the above helps/help in carbon sequestration/storage in the soil?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None of them

**99.** What would happen if phytoplankton of an ocean is completely destroyed for some reason?

1. The ocean as a carbon sink would be adversely affected.
2. The food chains in the ocean would be adversely affected.
3. The density of ocean water would drastically decrease.

Select the correct answer using the codes given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**100.** Vultures which used to be very common in Indian countryside some years ago are rarely seen nowadays. This is attributed to

*(a)* the destruction of their nesting sites by new invasive species

*(b)* a drug used by cattle owners for treating their diseased cattle

*(c)* scarcity of food available to them

*(d)* a widespread, persistent and fatal disease among them

96. निम्नलिखित में से कौन-से भौगोलिक क्षेत्र में जैव विविधता के लिए संकट हो सकते हैं?

1. वैश्विक तापन
2. आवास का विखण्डन
3. विदेशी जाति का संक्रमण
4. शाकाहार को प्रोत्साहन

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

97. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. काली गर्दन वाला सारस (कृष्णग्रीव सारस)
2. चीता
3. उड़न गिलहरी (कन्दली)
4. हिम तेंदुआ

उपर्युक्त में से कौन-से भारत में प्राकृतिक रूप में पाये जाते हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

98. निम्नलिखित कृषि पद्धतियों पर विचार कीजिए :

1. समोच्च बाँध
2. अनुपद सस्यन
3. शून्य जुताई

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में, उपर्युक्त में से कौन-सा/से मृदा में कार्बन प्रच्छादन/संग्रहण में सहायक है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* इनमें से कोई नहीं

99. यदि किसी महासागर का पादपप्लवक किसी कारण से पूर्णतया नष्ट हो जाए, तो इसका क्या प्रभाव होगा?

1. कार्बन सिंक के रूप में महासागर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।
2. महासागर की खाद्य शृंखला पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।
3. महासागर का जल-घनत्व प्रबल रूप से घट जाएगा।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

100. कुछ वर्ष पहले तक गिद्ध भारतीय देहातों में आम दिखाई देते थे, किन्तु आजकल कभी-कभार ही नजर आते हैं। इस स्थिति के लिए उत्तरदायी है

*(a)* नवीन प्रवेशी जातियों द्वारा उनके नीड़ स्थलों का नाश

*(b)* गोपशु मालिकों द्वारा रुग्ण पशुओं के उपचार हेतु प्रयुक्त एक औषधि

*(c)* उन्हें मिलने वाले भोजन में आई कमी

*(d)* उनमें हुआ व्यापक, दीर्घस्थायी तथा घातक रोग

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : P–DTQ–M–DA** | **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या [redacted]

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्नपत्र—I

**समय : दो घण्टे** | **पूर्णांक : 200**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A**, **B**, **C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. गलत उत्तरों के लिए दण्ड :

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.